## खबर संक्षेप

### 8 सालों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने 8 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी पिंकी उर्फ राकेश कोल को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में एनकेजे पुलिस लगातार स्थाई वारंटियों की धर पकड़ के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में वर्ष 2017 से फरार स्थाई वारंटी ग्राम पड़रिया निवासी 22 वर्षीय पिंकी उर्फ राकेश कोल पिता भारत कोल को 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। वारंटी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बारातियों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत, दो दर्जन घायल

**कटनी।** बारातियों से भरी एक पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप सवार 25 लोग घायल हो गए जबकि एक की मौत हो गई। घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में जारी है। हादसा बड़वारा थाना अंतर्गत नेगवां के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बिजौरी से गौंटिया परिवार की पुत्री का तिलक लेकर परिजन पिकअप में सवार होकर कटनी में आरटीओ ऑफिस के पास मझगवां फाटक जा रहे थे। 24 अप्रैल की रात लगभग आठ बजे ग्राम नैगवां के समीप सड़क पर बैठी भैंस को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार से जा रही पिकअप पेड़ से जा टकराई और पलट गई। इस घटना में पिकअप सवार चालक सहित सभी घायल हो गए। जिन्हें बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत होने की भी खबर सामने आई है। घटना में घायल हुए लोगों एवं मृतक का नाम खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आ सका। घायलों के बयान दर्ज करते हुए पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### चार लापता बालिका एवं बालकों को किया दस्तयाब

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने चार लापता बालक एवं बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा गुम बालक, बालिका, महिला, पुरूष की दस्तयाबी के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी एन.के. जे. द्वारा अलग अलग टीम गठित की गई। 23 अप्रैल व 24 अप्रैल को प्रत्येक टीम के विवेचना अधिकारियों द्वारा रवाना होकर गुमइंसानों के वर्तमान निवास एवं कार्यस्थान पहुंचकर अलग अलग स्थान क्रमशः बांदकपुर जिला दमोह, गोविंदगढ़ जिला रीवा से 2 एवं जिला कटनी से 2 गुमइंसान कुल 4 गुमशुदा को दस्तयाब कर प्रत्येक गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप.निरी. अनिल यादव, सउनि केवल उईके, प्रआर. राजकुमार शर्मा, प्रआ. राजेन्द्र सोनी, प्रआर प्रहलाद सैय्याम, प्रआर. प्रमोद सिंह, आर. सुजीत रजक की अहम भूमिका रही।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना में हितग्राहियों से बीमा नवीनीकरण की अपील

**कटनी।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाय) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाय) के हितग्राहियों से बीमा नवीनीकरण हेतु अपील की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के सभी सम्मानित हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बीमा पॉलिसियों को सक्रिय रखने के लिए अपने बैंक खातों में आवश्यक न्यूनतम शेष राशि बनाए रखें। इस हेतु दोनों बीमा योजनाओं का वार्षिक प्रीमियम राशि पीएमएसबीवाय हेतु 20 रूपए एवं पीएमजेजेबीवाय हेतु 436 रूपए जिसमें खाते में कुल राशि 456 रूपए शेष जमा रखना अनिवार्य है।

## हवाई अड्डे की जमीन पर बने हैं 450 मकान... रनवे की लंबाई बढ़ाने को लेकर कल कलेक्ट्रेट में होगी बड़ी बैठक

### सांसद कलेक्टर और संबंधित अधिकारी रहेंगे मौजूद




**सतना।** हवाई पट्टी का रनवे छोटा बनाए जाने को लेकर चली आ रही चर्चा के बीच 28 तारीख को कलेक्ट्रेट में एक महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है। बैठक दोपहर 1 बजे कलेक्टर सभागार में होगी। जिसमें सांसद गणेश सिंह और जिला मजिस्ट्रेट कलेक्टर सतीश कुमार एस मौजूद रहेंगे। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को बैठक में मौजूद रहने के निर्देश भी दिए गए हैं। 24 अप्रैल को प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सतना आगमन के दौरान बुद्धिजीवियों और उद्योगपतियों के बीच हुई बैठक में यह मुद्दा सामने आया था। हालांकि इस मामले में प्रभारी मंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया था। लेकिन मुद्दा इसलिए गंभीर है क्योंकि सतना की हवाई पट्टी में बेहद अतिक्रमण है। प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में कलेक्टर सतीश कुमार ने बताया था कि यहां 450 मकान और लगभग इतनी संख्या में झुग्गी झोपड़ी हवाई पट्टी की जमीन पर बनी हुई हैं। समझा जाता है कि 28 अप्रैल को होने वाली बैठक में कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है। बैठक हवाई पट्टी के रनवे को बढ़ाने को लेकर आयोजित की जा रही है।

#### हवाई पट्टी की 126 एकड़ जमीन गायब

हवाई पट्टी की126 एकड़ जमीन ढूंढे नहीं मिल रही है। जमीन कहां गई? इसे खोजने की कोशिश भी गंभीरता से नहीं की जा रही है। एयरपोर्ट अथारिटी के हिसाब से यहां केंद्र सरकार के नभ विभाग के पास कुल 451.66 एकड़ भूमि होनी चाहिए। यह तीन पटवारी हल्कों में विस्तृत है। करोड़ों रुपए खर्च करके हवाई पट्टी तैयार कर दी गई लेकिन अभी तक हवाई जहाज भी नहीं उतर पा रहे हैं। वायदे किए गए थे कि 2024 में हवाई पट्टी चालू कर दी जाएगी। लोगों को सुविधा मिलेगी लेकिन साल गुजर गया 2025 के तीन महीने भी गुजर गए। अभी तक हवाई सेवा सुचारु रूप से शुरू नहीं हो पा रही है।

#### तीन पटवारी क्षेत्र में जमीन

बताते हैं कि जमीन तीन पटवारी के क्षेत्र में है। पहला डिलौरा में 164.84 एकड़,कोलगवां में 155.93 एकड़ और सोनौरा चेक उतैली 130.89 एकड़ है। परंतु एयरपोर्ट अथॉरिटी के हाथ में मौजूदा समय में 325 एकड़ भूमि ही बची है। शेष 126.2 एकड़ भूमि गायब हो गई। जिसके कारण अब सतना एयरपोर्ट को विस्तार करने के लिए नभ विभाग को अपनी जमीन को वापस पाने के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है। जिम्मेदार हवाई अड्डे की जमीन से अतिक्रमण नहीं हटा सके। यह खुलासा विमानपत्तन निदेशक रामजी अवस्थी के उस पत्र से हुआ है जो उन्होंने कलेक्टर को लिखा था। साथ ही यह भी याद दिलाया है कि नवंबर 2023 में जिला प्रशासन को अतिक्रमण हटाने के लिए लिखा गया था लेकिन ऐसा नहीं हो सका। आज की स्थिति में सतना हवाई अड्डे की 451 एकड़ जमीन का ज्यादातर हिस्सा अतिक्रमण की चपेट में है।

## एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण के नरवाई जलाने पर 43 लोगों पर जुर्माना

### 1 लाख 35 हजार रूपये का जुर्माना

### सतना जिले में एसडीएम की दूसरी बडी कार्यवाही

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं। प्रतिबंधात्मक आदेशों की अवहेलना को संज्ञान में लेकर एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने अपने क्षेत्रान्तर्गत तहसील कोठी और नायब तहसील हाटी के 43 व्यक्तियों द्वारा अपने खेत में नरवाई जलाने पर मापदण्डों के अनुसार कुल 1 लाख 35 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित कर जिले में दूसरी बडी कार्यवाही की है। इसके पहले सतना जिले में पहली बडी कार्यवाही में एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण द्वारा भुमकहर और तूमिन में निषेधाज्ञा आदेशों का उल्लंघन कर नरवाई में आग लगाने वाले 30 व्यक्तियों के विरूद्ध पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करा चुके हैं। मौके पर गये निरीक्षण दल ने पाया कि 18 अप्रैल को ग्राम टिकुरी कोठार में नरवाई जलाने से फैली आग पर फायर ब्रिगेड की सहायता से काबू पाया गया। आग से ग्राम टिकुरी कला,टिकुरी खुर्द एवं सगमा ग्राम का क्षेत्रफल प्रभावित हुआ। इसी प्रकार सेटेलाइट से भेजी गई सूचना के अनुसार ग्राम मनकवार पटवारी हल्का उजरौंधा में नरवाई से आग लगाने की घटनाओं पर नायब तहसीलदार कोठी कमलेश भदौरिया,कृषि विस्तार अधिकारी, पटवारी, पंचायत सचिव और कोटवार ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा बनाया। एसडीएम रघुराजनगर ग्रामीण एलआर जांगडे ने बताया कि उजरौंधा,मनकवार के 18 भू-स्वामी व्यक्तियों और टिकुरी कला के 4 तथा टिकुरी कोठार के 21 व्यक्तियों पर जुर्माना अधिरोपित करने का नोटिस जारी किया गया है। इनमें भूमि स्वामी उजरौंधा हल्का के ग्राम मनकवार के चन्द्रकली सिंह, हिरेन्द्र प्रताप सिंह,रावेन्द्र सिंह, अमर सिंह,उमेन्द्र सिंह,राजेन्द्र सिंह,कुवरबहादुर सिंह,वीरेन्द्र,नरेन्द्र सिंह,मनोज सिंह,अनिल सिंह, अखिलेश भारतेन्द्र सिंह,उमाराज कुशवाहा,भोला कुशवाहा, रविराज सिंह,केशकली और वीरेन्द्र सिंह के नाम शामिल है। इसी प्रकार टिकुरी कोठार ग्राम के दीपक सिंह, हरी सिंह, विद्या कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा,रामनिवास कुशवाहा,रामचरण,जगदीश कुशवाहा, मूलचन्द्र गुप्ता, मथुरा गुप्ता, कमल सिंह, राजेश सिंह,ज्ञान सिंह, प्रेम सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, मान सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अभयराज सिंह, सतानंद, गीता गुप्ता, समरजीत सिंह, भगत सिंह,और टिकुरी कला के श्रीराम ब्राम्हण, नंदकिशोर, जयराम और राजेश कुमार मिश्रा पर जुर्माना लगाया गया है।

## प्लान बनाकर निर्धारित लक्ष्य के लिए आगे बढ़ें तो सफलता जरूर मिलेगी



### प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग ले रही बेटियों को कलेक्टर ने दिये सफलता के टिप्स

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शनिवार को जिला बाल संरक्षण इकाई में प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग ले रही बेटियो को सफलता के लिए सफलता के टिप्स दिये। कलेक्टर ने यूपीएससी की सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए स्वयं की आईएएस बनने की पूरी यात्रा के बारे में बालिकाओं को बताया कि कैसे उनके मन में इसकी परीक्षा को देने का विचार आया और किस तरह उन्होंने इसकी तैयारी की। यूपीएससी की तैयारी के लिए उन्होंने बताया कि सबसे पहले नोटिफिकेशन का गहनता से अध्ययन करें। सिलेबस और पुराने पेपर्स के आधार पर तैयारी करनी चाहिए।पढाई के दौरान एनसीईआरटी की किताबो के माध्यम से हमें अपना बेस मजबूत करना चाहिए। कलेक्टर ने बताया कि कम से कम किताबों का चयन कर उन्हें कई बार पढे। साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कोई अच्छा न्यूज पेपर रोज पढें। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही बेटियों को प्रसार भारती एप के बारे में बताते हुए कहा कि इस एप के माध्यम से वर्तमान में घट रही घटनाओं की जानकारी संकलित की जा सकती है। जो परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा भी कई तरह की ज्ञान वर्धक जानकारी इस ऐप में समाहित है। कलेक्टर ने छात्राओं को नोट्स बनाने तथा किताबों के चयन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जीवन में मेहनत और हिम्मत के माध्यम से बच्चों को बताया कि कैसे उन्हें जीवन में प्लान बी और प्लान सी को भी लेकर चलना चाहिए तथा जीवन में संतुष्टि का भाव उन्हें सार्थक जीवन जीने में कैसे मदद कर सकता है। वर्गीज कुली कुरियन तथा एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन दर्शन के माध्यम से उन्होंने बच्चों को आसान भाषा में समझाया तथा उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए हिम्मत और मेहनत का बहुत बड़ा योगदान है। प्लान बनाकर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़े। असफल होने पर निराश ना हो, बल्कि और अधिक परिश्रम के साथ पुनः प्रयास करें,सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर महिला बाल विकास अधिकारी सौरभ सिंह,सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी सहित निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रही छात्रायें उपस्थित रही।

## दवाखानों में प्रशासन का छापा, सेहत से खिलवाड़ करने पर सील किए गए 5 अस्पताल

### मरीज से ली गई फीस दवाइयां ज़ब्त, रिकॉर्डो की जांच शुरू






**सतना**

जवाहर नगर में दादा सुखेंद्र सिंह स्टेडियम के सामने मनमानी तौर पर क्लीनिक चला रहे डॉक्टर के अस्पताल में कार्यवाही कर सील करने के बाद जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को फिर से बड़ी कार्रवाई की और पांच दवाखाना को सील कर दिया। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नगर में अवैध रूप से संचालित दवाखाना की जांच की गई। इस दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी रघुराजनगर राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.विजय अरख,सीएमएचओ कार्यालय के लिपिक आशुतोष पयासी एवं पुलिस बल की उपस्थिति रहा। क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स (रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन) एक्ट, 2010 के तहत पांच अस्पताल सील गए।

#### कहां-कहां की गई कार्रवाई

श्री सांई क्लीनिक,राजेन्द्र नगर,गली नंबर-2,स्थल पर जांच के दौरान न तो कोई वैध चिकित्सकीय डिग्री प्रस्तुत की गई और न ही कोई चिकित्सकीय योग्यता प्रमाणित दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। क्लीनिक में एक व्यक्ति जो स्वयं को सफाईकर्मी बता रहा था। वहीं मरीजों का उपचार एवं दवाओं का वितरण करता पाया गया। मरीजों से ली गई फीस एवं वितरित दवाइयों का रिकॉर्ड बरामद कर जब्त किया गया। क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से सील किया गया।

#### इसी प्रकार बस स्टैंड स्थित शंकर क्लीनिक में

बड़ी संख्या में एलोपैथिक दवाइयाँ बिना किसी विधिवत पंजीकृत चिकित्सक की उपस्थिति में पाई गईं। क्लीनिक का संचालन एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। क्लीनिक सील कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट तैयार की गई। उधर माधवगढ़ में शंभू हॉस्पिटल में निरीक्षण में पाया गया कि प्रतिष्ठान के पास क्लीनिक रजिस्ट्रेशन नहीं था तथा स्वघोषित डॉक्टर केवल बीएससी और एमए (गैर-चिकित्सा विषय) की डिग्री रखता था। चिकित्सकीय सेवा हेतु वैध योग्यता प्रमाणित नहीं थी। हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील कर आगे विधिक प्रक्रिया शुरू की गई।

#### दीप नारायण गर्ग क्लीनिक

यहां भी वैध चिकित्सा डिग्री अथवा क्लीनिक रजिस्ट्रेशन प्रस्तुत नहीं किया गया। क्लीनिक को सील कर कानूनी कार्यवाही आरंभ की गई है। इसके अलावा माधवगढ़ रीवा रोड में दोलन क्लीनिक में एक कथित बंगाली चिकित्सक द्वारा संचालित इस क्लीनिक से भारी मात्रा में इंजेक्शन व अन्य दवाइयाँ बरामद हुईं।दो मरीज भी उपचाररत पाए गए,जिन्हें सरकारी अस्पताल भेजा गया। क्लीनिक बिना पंजीयन पाया गया एवं त्वरित प्रभाव से सील किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त सभी प्रतिष्ठानों पर क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट्स एक्ट,2010 की धारा 41 के अंतर्गत उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से सील करने कार्यवाही की गई है। अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी प्रकरण पंजीबद्ध किए जाने की कार्रवाई प्रचलन में है। सभी क्लिनिक पर इंजेक्शन का अवैध प्रयोग और लापरवाहीपुर्ण डिस्पोजल करना पाया गया।

## अमुवा बांध में नहाने गए तीन बच्चों की पानी में डूबने से मौत




**सतना।** जिले के धारकुंडी थाना इलाके के अमुआ बांध में शनिवार की दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। नहाने के दौरान तीन मासूम बच्चे गहरे पानी में डूब गए जिससे तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मझगवां तहसीलदार सोमेश द्विवेदी,धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह सहित तमाम अधिकारी घटना स्थल पहुंचे।मृतकों की शिनाख्त अभिजीत पिता अजीत कोल 6 वर्ष,अभी पिता कल्लू कोल 5 वर्ष और कृष्णा पिता नंदू कोल 5 वर्ष के रूप में की गई है। घटना के बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि अमुआ के नजदीकी गांव कंदैला के रहने वाले कोल परिवार के तीनों बच्चे नहाने के लिए बांध पहुंचे थे। क्योंकि बच्चों की उम्र बेहद कम थी और उन्हें तैरना नहीं आता था ऐसे में माना जा रहा है कि तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। अमवा बांध में बच्चों के डूबने की खबर मिलते ही धारकुंडी थाना प्रभारी शैलेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे जहां तीनों बच्चों के शव पानी के अंदर उतारते हुए मिले। तीनों शवों को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई की इसके पश्चात उन्हें पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया इस बीच हुआ तहसीलदार उमेश द्विवेदी की पहुंच गए और उन्होंने परिवार को शासकीय मदद का भरोसा दिया। पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

## भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा पार्टी से निष्कासित

### महिला के साथ छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप



**सतना।** *मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने सतना जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। शर्मा पर एक महिला के साथ अश्लील चैट,छेड़खानी और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप है। पार्टी ने इस मामले में तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर उन्हें निष्कासित किया। बताया जा रहा है कि एक महिला ने सतीश शर्मा के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद मामला सीधे पार्टी हाईकमान तक पहुंचा। जांच और तथ्यों के संज्ञान के बाद पार्टी नेतृत्व ने तत्काल निष्कासन का निर्णय लिया ताकि पार्टी की छवि को नुकसान से बचाया जा सके। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा है कि बीजेपी नैतिक मूल्यों पर आधारित संगठन है और किसी भी प्रकार के दुराचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।*

### समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम 29 अप्रैल को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आमजनों की शिकायतों का निराकरण करेंगे। यह कार्यक्रम 29 अप्रैल को शाम 5 बजे आयोजित किया गया है।

## कलेक्टर ने उचेहरा के पहाडी अंचल परसमनिया के गांवों का किया भ्रमण

### जल गंगा संवर्धन अभियान और पेयजल के कार्यों का लिया जायेजा

सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शनिवार को अधिकारियों के साथ उचेहरा विकासखण्ड के पहाडी अंचल परसमनिया के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया और इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों तथा पेयजल की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,एसडीएम सुधीर बेक,सीईओ जनपद पंचायत प्रभा टेकाम सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने उचेहरा विकासखण्ड के भ्रमण के दौरान सबसे पहले पतौरा के गेहूं उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। उन्होंने पिथौराबाद के भ्रमण के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बन रहे कूप के निर्माण का अवलोकन किया। उन्होंने महाराजपुर में पेयजल के स्त्रोतों का जायजा लिया तथा पेयजल की स्थिति के संबंध में ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जल संसाधन विभाग के तालाब का भी निरीक्षण किया और उसके पुनरूद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने परसमनिया पहुंचकर वन विभाग के तालाब का अवलोकन किया। इस तालाब को जल संसाधन विभाग द्वारा वाटर शेड के तहत पूर्व में मरम्मत की गई थी। कलेक्टर ने तालाब के पुनरूद्धार कराये जाने की बात कही। परसमनिया के ग्राम पहाडी के खखरा पहुंचकर कलेक्टर ने लोगों से पेयजल की स्थिति की जानकारी ली और गांव में संचालित हैण्डपम्पों का मौका मुआयना भी किया। इस दौरान ग्राम खखरा में हैण्डपम्प चालू पाये गये। कलेक्टर ने खखरा के फारेस्ट के तालाब और रामपुर पाठा के तालाब की मरम्मत का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप



### गढ़ा गांव के खेतों में भीषण आग

**बमीठा** थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ा के खेतों में भीषण आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी समय पर मदद नहीं मिल सकी। आग में भूसा, लकड़ी और पेड़ जलकर खाक हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने खुद पानी और अन्य साधनों से आग पर काबू पाया।

### अमरोनिया गांव के खेतों में लगी आग, देवगांव-देवरा मार्ग रहा बंद



**सटई थाना** क्षेत्र के अमरोनिया गांव के खेतों में भीषण आग लग गई। आग की लपटों के चलते देवगांव-देवरा मार्ग बंद हो गया। आग के कारण राहगीरों को सड़क से निकलने में दिक्कत हुई। यहां भी लोगों को आग बुझाने के प्रयास स्थानीय स्तर पर करने पड़े।

### पन्ना रोड पर ट्रांसफार्मर में लगी आग, समय रहते पाया काबू



**छतरपुर** शहर के पन्ना रोड पर अनुराग सिटी सेंटर के सामने ट्रांसफार्मर में भीषण आग लग गई। दोपहर करीब 3 बजे हुई इस घटना में ट्रांसफार्मर पटाखों की तरह जलता रहा। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सिलेंडर, बजरी व पानी की मदद से आग पर काबू पाया। शॉर्ट सर्किट को आग लगने की वजह बताया गया है। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

### खेत में पड़ी मिली युवक की लाश, हत्या की आशंका



**लवकुशनगर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के रजपुरवा गांव में शनिवार को एक युवक की लाश खेत में पड़ी मिली, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान रवि पुत्र चंदन राजपूत के रूप में हुई है। बताया गया है कि रवि, शुक्रवार की शाम से लापता था और शनिवार की सुबह उसका शव खेत में मिला। मृतक के परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने हत्या की संभावनाओं के तहत जांच शुरू कर दी है और मृतक के परिवारवालों के बयान लिए जा रहे हैं।

### छात्रों ने वाटर फिल्टर प्लांट और कुटनी डेम का किया अवलोकन



**खजुराहो।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर पार्थ जयसवाल के मार्गदर्शन में जारी गतिविधियों के अंतर्गत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजुराहो के छात्रों को प्राचार्य गणेश यादव के नेतृत्व में कुटनी डेम और वाटर फिल्टर प्लांट खजुआ का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान, विद्यालय के छात्रों को वाटर फिल्टर प्लांट के सब इंजीनियर ने वाटर प्लांट के कम्पोनेंट्स के बारे में जानकारी दी और जल संरक्षण के उपाय बताए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक भरत पाल, श्रीमती कैफी आजमी, श्रीमती मिथलेश लोधी, श्रीमती विजय लक्ष्मी देवी और श्रीमती अर्चना गुप्ता भी उपस्थित थे। यह भ्रमण छात्रों के लिए जल संरक्षण के महत्व को समझने और इसे अपने जीवन में लागू करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

# आतंकवादी घटना के खिलाफ युवाओं का उग्र प्रदर्शन



**बिजावर।** कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में बिजावर के युवाओं ने उग्र प्रदर्शन कर पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश की लहर है, और बिजावर भी इससे अछूता नहीं रहा।नगर के बस स्टैंड पर बड़ी संख्या में युवाओं ने एकत्र होकर पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस आतंकवादी घटना को कायराना करार दिया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों और पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाने की मांग की। साथ ही, इस घटना में मारे गए निर्दोष सैलानियों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। हिंदू युवा क्रांति दल के जितेंद्र तिवारी ने कहा, हम भारतीय होने के नाते ऐसी कायराना हरकतों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। पाकिस्तान और आतंकवादियों द्वारा धर्म के नाम पर निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाने की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। प्रदर्शन में नगर परिषद उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, गौरव भटनागर, संदीप नरवरिया, जीतू खटीक, स्वदेश विस्वारी सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी कमलजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## खरया परिवार का सराहनीय कदम दो नेत्रहीनों को मिली रोशनी



**छतरपुर।** स्व. पुरन लाल खरया के निधन के बाद उनके परिवार ने नेत्र दान का सहासिक निर्णय लेकर समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। इस पुण्य कार्य से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को दृष्टि प्राप्त हुई। हनुमान टौरिया सेवा समिति ने इस नेक कार्य के लिए स्व. खरया के परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

हनुमान टौरिया सेवा समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि समिति पिछले 15 वर्षों से निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविरों का आयोजन कर रही है। अब तक 1 लाख 10 हजार लोग इन शिविरों का लाभ ले चुके हैं। समिति के तत्वावधान में सतगुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के सहयोग से प्रतिमाह शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिसमें 27 मरीजों के मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन किए जा चुके हैं। शनिवार को हनुमान टौरिया पर समाजसेवी राधेलाल असाटी के सहयोग से आयोजित नेत्र शिविर में लगभग 250 लोगों ने नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया, जिसमें 40 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। शिविर के साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया। शिविर में प्रमुख रूप से हरिप्रकाश अग्रवाल, गिरजा पाटकर, प्रकाश जैन, प्रमोद खरे, शंकरलाल सोनी, लखन सोनी, डीसी पाठक उपस्थित रहे।

# गर्मी के साथ-साथ बढ़ रहीं आगजनी की घटनाएं

### जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों में लगी आग

**छतरपुर।** जिले में शनिवार को अलग-अलग इलाकों में आगजनी की घटनाएं सामने आईं, जिनमें काफी नुकसान हुआ है। कहीं फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने की शिकायत रही तो कहीं ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभालकर आग बुझाई। सिविल लाइन थाना क्षेत्र, बमीठा, सटई और छतरपुर शहर में आगजनी के कारण काफी अफरातफरी का माहौल रहा। हालांकि, किसी भी घटना में जनहानि नहीं हुई है।



### चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन के पास फैक्ट्रियों तक पहुंची आग

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चंद्रपुर रेलवे स्टेशन के पास फोर लाइन ब्रिज के बगल में शनिवार की दोपहर में आग भड़क गई। यह आग उद्योग विभाग की जमीन के पास फैक्ट्रियों तक पहुंचने लगी थी। आग दोपहर करीब 2 बजे लगी, लेकिन फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची। यहां आग में भूसे के कई ढेर जलकर खाक हो गए।

# स्कार्पियो और बलेनो कार में बैठे 4 युवकों के पास मिले अवैध हथियार

### पिस्टल, डबल बैरल कट्टा, कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने रात्रि भ्रमण के दौरान अवैध हथियारों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्टल, एक डबल बैरल कट्टा, कारतूस और दो चार पहिया वाहन स्कार्पियो व बलेनो जब्त किए हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी ने बताया कि बीती रात कानपुर-सागर रोड स्थित गुरुद्वारे के पास गली में अवैध हथियारों की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी। गली में खड़ी स्कार्पियो और बलेनो कार में चार युवक सवार थे। संदेह के आधार पर तलाशी ली गई, जिसमें हथियार बरामद हुए। स्कार्पियो वाहन में सवार वरुण राज दीक्षित पिता सुनील शरण दीक्षित निवासी खेल ग्राम सागर रोड छतरपुर और राकेश ओमरे पिता मनोहर लाल ओमरे निवासी वार्ड क्रमांक 4 शंकरगढ़ खजुराहो के पास से 315 बोर का पिस्टल और कारतूस मिला। वहीं, बलेनो कार में सवार संदीप मलिक पिता सुमेरा मलिक निवासी नई बस्ती महोबा रोड छतरपुर और विजय विश्वकर्मा पिता बाबूलाल विश्वकर्मा निवासी ग्राम मनिया थाना राजनगर हाल निवासी राजनगर के पास से 315 बोर का डबल बैरल देशी कट्टा बरामद किया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध हथियार, स्कार्पियो व बलेनो वाहन जप्त कर थाना कोतवाली में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि अवैध हथियार सप्लाई करने वाले तौफीक खान निवासी टोरिया मोहल्ला की तलाश जारी है। अवैध हथियारों के विरुद्ध जिले में निरंतर कार्रवाई की जा रही है और अप्रैल माह में अब तक 35 से अधिक आरोपी अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किए जा चुके हैं।



## व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद कर आतंकवाद के खिलाफ दिखाई एकजुटता, दिवंगतों को दी श्रद्धांजलि

### पहलगाम नरसंहार पर व्यापारियों ने जताया आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** हाल ही में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शनिवार को छतरपुर शहर पूरी तरह से बंद रहा। सुबह से ही चौक बाजार, बजरिया, पुरानी तहसील रोड सहित शहर का प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहा। व्यापारी संगठनों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ गहरी नाराजगी जताई और सरकार से हमले के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

व्यापारी आनंद अग्रवाल ने बताया कि हिंदू समाज के लोगों पर हुए इस नृशंस हमले ने हर दिल को आहत किया है। सभी व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान स्वेच्छा से बंद रखे और घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कृत्य समाज में भय का वातावरण फैलाते हैं, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार से मांग की गई कि दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। एक अन्य व्यापारी कल्लू मोर ने कहा कि सभी व्यापारियों ने छतरपुर बंद को पूर्ण समर्थन देते हुए बाजार बंद रखा है। ऐसी घटनाएं देश की अखंडता पर आघात करती हैं, इसलिए इस पर सख्त से सख्त कदम उठाए जाएं।

दोपहर के वक्त चौक बाजार पर व्यापारी संगठनों ने एक सभा का आयोजन किया, जिसमें दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के दौरान व्यापारियों ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। वहीं शाम के समय एडीएम मिलिंद नागदेवे, चौक बाजार पर मौजूद व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल के समक्ष पहुंचे, जहां उन्हें ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कठोर कानून लागू करने और दोषियों को सजा दिलाने की मांग की गई। बंद के दौरान पूरा शहर दिनभर शांतिपूर्ण और अनुशासित रहा, जिससे यह संदेश गया कि छतरपुर आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है और देश की अखंडता के साथ खड़ा है।



# छतरपुर जिले में बारदाने की भारी कमी, किसानों की उपज अटकी

**हरपालपुर।** छतरपुर जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों पर वरदाने की भारी कमी के चलते किसान परेशान हो रहे हैं। स्थिति यह है कि बीते दिनों हरपालपुर रेलवे स्टेशन के रैंक पॉइंट पर पश्चिम बंगाल से आई 3500 गठानों की रैंक को सागर और दमोह जिले भेज दिया गया, जबकि छतरपुर जिले को इससे वरदाना नहीं मिल पाया।

जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में गेहूं, चना, मसूर और सरसों की खरीदी चल रही है। अच्छे दाम मिलने के कारण किसान बड़ी संख्या में फसल लेकर खरीदी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं, लेकिन बारदाने की कमी और भुगतान में देरी से समस्याएं बढ़ गई हैं। नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक राजेश सकलिया ने बताया कि यह रैंक सागर जिले के लिए आई थी। छतरपुर जिले में अभी केवल 800 गठानों का स्टॉक मौजूद है, जिससे अधिकतम दो लाख क्विंटल गेहूं की खरीदी हो सकती है। सोमवार को एक और रैंक आने की संभावना है। हालांकि जमीनी हकीकत अधिकारियों के दावों के विपरीत नजर आ रही है। जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों जैसे हरपालपुर मंडी, अलीपुरा और लवकुशनगर में वरदाने की कमी के चलते तीन दिनों से किसानों की उपज खरीदी नहीं हो पा रही है। यदि जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो सोमवार तक स्थिति और गंभीर हो सकती है। किसानों का कहना है कि उपज तैयार होकर खरीदी केंद्रों पर पहुंच चुकी है, लेकिन बारदाने के अभाव में खरीदी नहीं हो रही, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और परेशानी झेलनी पड़ रही है।



## सेन समाज ने सादगी से मनाई सेन महाराज की 725वीं जयंती

### आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीयों को दी गई श्रद्धांजलि

**छतरपुर।** सेन समाज के प्रेरणा स्त्रोत संत शिरोमणि सेन महाराज की 725वीं जयंती सोमवार को सादगी और शालीनता के साथ मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम बस स्टैंड पर आयोजित हुआ, जहां वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी हरि प्रकाश अग्रवाल मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जिला सेन समाज के अध्यक्ष हेमराज वर्मा ने की।

सुबह श्री राधा कृष्ण सेन समाज मंदिर संकट मोचन में सेन महाराज का अभिषेक, सत्यनारायण कथा, पूजन, हवन और प्रसाद वितरण के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। इसके बाद जन सहयोग रसोई में माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सेन समाज जन्म से मृत्यु तक हर कदम पर साथ निभाता है। उन्होंने जन सहयोग रसोई की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन, सालगिरह जैसे अवसरों पर सेवा कार्य में सहभागिता करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हेमराज वर्मा ने कहा कि सेन महाराज का जीवन समाज सेवा और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। हमें उनके बताए आदर्शों और सिद्धांतों पर चलना चाहिए। स्वागत भाषण रामाधीन सेन और आभार प्रदर्शन मुन्ना सेन ने किया, संचालन हरचरण सेन ने किया। सेन समाज द्वारा जन सहयोग रसोई के सदस्यों का माल्यार्पण और तिलक लगाकर सम्मान किया गया। जयंती के अवसर पर बस स्टैंड क्षेत्र में हलवा वितरण भी कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीयों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीरगति को प्राप्त जवानों को नमन किया।



## स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति भी कर रहे जागरूक

**छतरपुर।** 62 वर्ष की आयु में भी श्री शर्मा ने साइकिलिंग को जीवन का अहम हिस्सा बनाकर युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया है। उन्होंने 200, 300, 400, 600, 1000, 1200 और 1500 किलोमीटर तक की साइकिलिंग पूरी कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। संडे ऑन साइकिलिंग के माध्यम से आज वे एक जन आंदोलन खड़ा कर चुके हैं। विद्यालय की चारदीवारी से बाहर निकलकर भी शर्मा समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके परोपकारी प्रयासों ने जागरूकता, करुणा और सक्रिय नागरिकता की भावना को बढ़ावा दिया है। यही समर्पण और दूरदर्शी नेतृत्व उन्हें शिक्षा जगत की अग्रिम पंक्ति में स्थापित करता है।

## एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने 'टाइनी टॉट्स' स्कूल के छात्रों के अभिभावकों के लिए विशेष जागरूकता सत्र का किया आयोजन







**सिंगरौली।** अह्वान पहल के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय ने 'टाइनी टॉट्स' स्कूल के बच्चों के अभिभावकों के लिए एक विशेष काउंसलिंग व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य प्रारंभिक बाल विकास के महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना था, जैसे कि भावनात्मक जुड़ाव, स्वस्थ आदतें, संतुलित पोषण, स्क्रीन टाइम की सीमा और बच्चों के लिए एक सुरक्षित व स्नेहमय वातावरण का निर्माण। सत्र में व्यावहारिक विषयों जैसे टीकाकरण, पेट के कीड़े मारने की दवा (डिवॉर्मिंग) और प्राथमिक उपचार पर भी चर्चा की गई, ताकि अभिभावकों को उनके बच्चों के संपूर्ण स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सशक्त बनाया जा सके। यह संवादात्मक सत्र डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया और डॉ. वर्तिका कुलश्रेष्ठ, वरिष्ठ विशेषज्ञ (विंध्य हॉस्पिटल) द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने समग्र बाल विकास पर गहन जानकारी साझा की। कार्यक्रम में श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष (सुहासिनी संघ) व प्रभारी (टाइनी टॉट्स) और सुश्री राखी चटर्जी, प्राचार्या (टाइनी टॉट्स) ने भी भाग लिया और बच्चों के प्रारंभिक वर्षों में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।




# महर्षि विद्यालय के प्राचार्य सीके शर्मा को मिला एकेडएलीट अवॉर्ड

### शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने पर दिल्ली में हुआ सम्मान

**छतरपुर।** शहर में शिक्षा के क्षेत्र में नया इतिहास रचते हुए महर्षि विद्या मंदिर छतरपुर के प्राचार्य सीके शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। शनिवार को नई दिल्ली स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित समारोह में ग्लोबल स्कूल लीडर्स कंसोर्टियम (वैश्विक विद्यालय नेतृत्व संघ) द्वारा उन्हें एडुबीकॉन ऑफ द ईयर 2024-25 चुना गया और जीएसएलसी एकेडएलीट अवाड्र्स 2025 से सम्मानित किया गया। इस सम्मान का उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों को पहचान देना है जिन्होंने शिक्षा जगत में असाधारण नेतृत्व, निष्ठा और दूरदर्शी सोच का प्रदर्शन करते हुए न केवल शिक्षा पद्धति में नवाचार किए, बल्कि दूसरों को भी उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि श्री शर्मा ने पिछले 25 वर्षों से विद्यालय प्राचार्य के रूप में उत्कृष्ट नेतृत्व प्रदान किया है। उनके मार्गदर्शन में महर्षि विद्यालय शैक्षणिक उपलब्धि, सांस्कृतिक गतिविधियों और मजबूत नैतिक मूल्यों का प्रतीक बन चुका है। उनके छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, खेलों तथा मूल्य आधारित शिक्षा में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर छतरपुर का नाम रोशन किया है।

**खबर संक्षेप**

## सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 1 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत कटनी की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरुवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## किसान अब 30 अप्रैल तक करा सकेंगें पंजीयन

**कटनी।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबें का सत्यापन 5 मई तक हो सकेगा।

## आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**कटनी।** कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिषद कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के विरुद्ध अपने आक्रोश को मुखर किया। अभाविप के जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता, तथा समाज के जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और देश में आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम कटनी के सुभाष चौक हुआ जिसमें विभाग संयोजक सीमांत दुबे,नगर मंत्री संजय कुशवाहा सृजन चौदहा अवध पाण्डेय नितिन साहू हर्ष तिवारी राघव बर्मन अमन रजक प्रशांत अंकित रोहित संदीप प्रभात अंकित राय सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

**कटनी।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुये कायराना आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों को शुक्रवार को कलेक्ट्रे ट कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और अपर कलेक्टर साधना परस्तेर ने कैंडिल जलाकर मृतकों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस दौरान संयुक्तर कलेक्ट र संस्कृति शर्मा, निधि सिंह, डिप्टी कलेक्ट्र द्वय प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता के अलावा जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, तहसीलदार नगर केबी मिश्रा सहित विभिन्नक विभागों के जिलाधिकारी, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लिपिक गण मौजूद रहे।

## जल संरक्षण हेतु कृषकों का किया जा रहा पंजीयन

**कटनी।** कृषि कार्य के दौरान विभिन्न नई तकनीकों को अपनाकर जल के संरक्षण और संवर्धन हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की जानकारी प्रदान कर इस पद्धति को अपनाने हेतु प्रेरित कर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में विगत दिवस बांध वाटर शेड क्षेत्र ढीमरखेड़ा सहित विकासखंड विजयराघवगढ़ और विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बडेरा एवं झिंझरी में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामों मे चौपाल का आयोजन कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति जैसी नई तकनीक अपनाकर जल संरक्षण की जानकारी दी गई तथा कृषकों का पंजीयन कराया गया।

# रीवा एवं इंदौर मेडिकल कॉलेज के उन्नयन का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश

**वरिष्ठ चिकित्सकों को 70 वर्ष तक संविदा सेवा देने का प्रस्ताव होगा तैयार**

**उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा**



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश सरकार, स्वास्थ्य सेवाओं को जनसामान्य के लिए सुलभ, उच्च गुणवत्ता युक्त और व्यापक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वरिष्ठ चिकित्सकों के अनुभव, आधुनिक मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ आधार और समय पर नियुक्ति की प्रक्रिया से प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने भोपाल स्थित निवास कार्यालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रदेश में वरिष्ठ चिकित्सकों की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के उद्देश्य से, उन्हें 70 वर्ष की आयु तक संविदा सेवा देने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। प्रस्ताव कैबिनेट अनुमोदन के लिए शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि अनुभवी डॉक्टरों की सेवाएं प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों की गुणवत्ता में वृद्धि करेंगी साथ ही यह निर्णय चिकित्सकों की कमी की पूर्ति करने में भी सहायक होगा।उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा और इंदौर के मेडिकल कॉलेजों के उन्नयन का विस्तृत प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिए कॉलेजों का अधोसंरचना विकास, अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था अन्य आवश्यक कार्य भी समय से पूर्ण किए जाएँ। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से मेडिकल ऑफिसर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि एमपीपीएससी के साथ नियमित संपर्क में रहते हुए सभी आवश्यक औपचारिकताओं को तत्काल प्राथमिकता से पूरा किया जाए ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित ऑनलाइन ट्रांसफर पोर्टल (ई-एचआरएमएस) की तैयारी पूर्ण कर ली जाए। पोर्टल को उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाते हुए स्थानांतरण प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि कार्मिकों के स्थानांतरण में पारदर्शिता और त्वरित निर्णय से विभागीय कार्य में गति आएगी और सेवाओं में सुधार होगा। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना उपस्थित रहे।

## सिलपरा नहर में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, बिछिया थाना क्षेत्र की घटना, पुलिस ने शुरू की जांच



**रीवा।** शहर के बिछिया थाना अंतर्गत सिलपरा गांव में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव नहर में मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय प्रेमलाल चतुर्वेदी के रूप में हुई है, जो सिलपरा गांव का निवासी था। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन परिजन इसे हत्या बता रहे हैं और गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, प्रेमलाल चतुर्वेदी का गुरुवार की सुबह गांव में ही किसी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद वह घर पहुंचे और पत्नी को झगड़े के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके साथ मारपीट की गई है। इसके बाद वे घर से निकल गए और देर शाम तक वापस नहीं लौटा , परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, तो गांव के बाहर नहर किनारे उनका मोबाइल फोन, चश्मा और चप्पल पड़ी मिलीं। अगले दिन सुबह स्थानीय लोगों ने नहर में तैरता हुआ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान प्रेमलाल के रूप में हुई। मृतक के परिजन इस घटना को आत्महत्या नहीं, बल्कि सोची-समझी साजिश बता रहे हैं। उनका आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने जानबूझकर प्रेमलाल के साथ झगड़ा किया और उनकी हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया, वही पूरे मामले में बिछिया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। साथ ही झगड़े की घटना और मारपीट के आरोपों की भी जांच की जा रही है।

## वाहन चालक सावधान, रीवा में हाईटेक ट्रैफिक सिस्टम का असर शुरू नियम तोड़ने वालों पर ई-चालान की गिरेगी गाज74 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही



**रीवा।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट बनाने की दिशा में रीवा पुलिस द्वारा किए गए प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। कॉलेज चौक और मार्तण्ड तिराहे जैसे मुख्य चौराहों पर हाल ही में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल और अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे अब न केवल यातायात को नियंत्रित कर रहे हैं, बल्कि नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का माध्यम भी बन रहे हैं।

शुक्रवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पहले दिन में 95 और दूसरे दिवस शनिवार को 74 ऐसे वाहन चालकों को कैमरे की नजर में लिया गया, जिन्होंने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया। इनमें बिना हेलमेट गाड़ी चलाना, रेड लाइट जम्प करना, वाहन को गलत दिशा में ले जाना और दोपहिया वाहन पर तीन सवारी बिठाना जैसे मामले प्रमुख रूप से सामने आए हैं। इन सभी मामलों में वाहन नंबर के आधार पर ई-चालान जनरेट किए गए हैं, जिसकी राशि 300 से लेकर 500 रुपये तक निर्धारित की गई है। ये चालान संबंधित वाहन मालिकों को उनके पते पर भेजे जाएंगे, जिन्हें यातायात थाने में जाकर नियत समय में जमा करना अनिवार्य होगा।सीसीटीवी के जरिए 'रीयल टाइम' मॉनिटरिंगपुलिस कंट्रोल रूम में तैनात प्रशिक्षित स्टाफ 24 घंटे इन सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से चौराहों की निगरानी कर रहा है। नियमों का उल्लंघन होते ही उसका स्क्रीनशॉट लिया जाता है और चालान की प्रक्रिया शुरू की जाती है। इस हाईटेक प्रणाली के चलते अब पुलिस को मौके पर जाकर चालान काटने की जरूरत नहीं रह गई है।

## जिले में आदिम जाति कल्याण विभाग में विद्युतीकरण के नाम पर बड़ा घोटाला उजागर, बिना टेंडर 68 लाख का भुगतान, दो कर्मचारी निलंबित, संयुक्त कलेक्टर पर जांच की आंच



**रीवा।** जिले के आदिम जाति कल्याण विभाग में भारी वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। छात्रावासों के विद्युतीकरण के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया और टेंडर के कर दिया गया। वहीं छात्रवृत्ति वितरण में भी नियमों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से भुगतान किए गए। इस पूरे मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है, जबकि तत्कालीन जिला संयोजक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए संभागायुक्त को प्रतिवेदन भेजा गया है। मामले की शिकायत कमल सिंह बघेल ने भोपाल में उच्च अधिकारियों से शिकायत की। भोपाल से शिकायत के संकेत मिलते ही रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मामले की जांच के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने पूरे मामले की जांच के लिए सहायक कलेक्टर प्रपंज आर (आईएएस) अपर कलेक्टर को दी थी, उनके द्वारा की गई विस्तृत जांच में गंभीर वित्तीय गड़बड़ियां उजागर हुईं। जांच रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2023 में छात्रावासों के विद्युतीकरण कार्य के लिए बिना किसी निविदा प्रक्रिया के निजी फर्मों को कार्यादेश जारी कर दिया गया। 14 मार्च 2023 को एक ही दिन में 68.34 लाख रुपए का भुगतान अधीक्षकों के खातों में ई-भुगतान के माध्यम से किया गया। यह कार्य न तो विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप था और न ही इसमें आरईएस (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा) की स्वीकृति ली गई, जबकि कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से टेंडर प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया था। बता दे रीवा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जांच रिपोर्ट के आधार पर सहायक ग्रेड-3 विकास तिवारी और शिवप्रसाद पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिसके बाद अब तत्कालीन जिला संयोजक पी.के. पांडेय (संयुक्त कलेक्टर) की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु संभागायुक्त को प्रतिवेदन भेजा गया है।बॉक्स जबरन चेक दिलवाकर कराया भुगतानछात्रावासों के अधीक्षकों में गुढ़, चरैया, बालक पिपराही, खुटहा और हर्रई प्रताप सिंह ने अपने बयान में बताया कि सहायक ग्रेड-3 विकास तिवारी ने उन्हें कार्यालय बुलाकर तत्कालीन जिला संयोजक के नाम पर दबाव बनाकर चेक जारी करवाया।रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन छात्रावासों में बिजली फिटिंग और पंखों की आपूर्ति दिखाकर भुगतान किया गया, वहां वास्तव में कोई कार्य नहीं किया गया था। जड़कुड़ और बिछरहटा छात्रावासों के मामले में तो भुगतान से संबंधित कोई अभिलेख तक उपलब्ध नहीं मिले। साथ ही 14 छात्रावासों के खातों में जीएसटी की राशि अब तक जमा है, जिसे शासन के खाते में होना चाहिए था।बॉक्स छात्रवृत्ति वितरण में भी मिली गंभीर गड़बड़ीजांच का दूसरा हिस्सा छात्रवृत्ति वितरण से जुड़ा था। इसमें यह खुलासा हुआ कि बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के 46.64 लाख रुपए की राशि ऑफलाइन भुगतान कर दी गई। इस राशि का आहरण बिना नोटशीट और विधिवत अनुमोदन आदेश के किया गया, जो वित्तीय नियमों का सीधा उल्लंघन है। इस मामले में छात्रवृत्ति शाखा के प्रभारी शिवप्रसाद पटेल को निलंबित किया गया है।

## अचानक घर में लगी आग, बाइक सहित जल गई दर्जन भर बकरियां, गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ुआ की घटना

**रीवा।** जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पड़ुआ में भीषण अगजनी की घटना सामने आई है जहां आगजनी से एक पूरा मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है घटना के दौरान मकान के अंदर रखा सारा सामान बाइक और दर्जन भर बकरियां भी जलकर खाक हो गई, घटना के संबंध में पीड़ित अब्दुल रशीद ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत तार से निकली चिंगारी की वजह से उनके मकान में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता उससे पहले ही आग में विकराल रूप धारण कर लिया और घर के अंदर रखी सारी सामग्री सहित जेवरात पैसे एक बाइक और दर्जन भर बकरियां जलकर राख हो गई है। पीड़ित ने बताया कि घटना के तत्काल बाद इसकी सूचना पुलिस और प्रशासनिक अमले को दी गई थी लेकिन दमकल का वाहन मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं घटना की सूचना पर नायब तहसीलदार मनोज सिंह मौके पर पहुंचे हैं और घटना के संबंध में जांच कर रहे हैं नायब तहसीलदार ने बताया कि पीड़ित का मकान पूरी तरह से जलकर राख हो गया है साथ ही उसके अंदर रखी पूरी सामग्री भी जल गई है इस दौरान दर्जन भर बकरियां भी आग की आगोश में आ गई है फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार युवक मारी टक्कर, हालत गंभीर

रीवा

जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बहन का तिलक ले जाने से पहले एक भाई सडक़ हादसे का शिकार हो गया। हादसा रीवा बैकुंठपुर मार्ग में स्थित ग्राम माड़ो के समीप हुआए जहां एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक से सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुए इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बाइक सडक़ पर लहराते हुए चल रही थीए इस बीच कार सवार ने बाइक को दो बार बचाने का प्रयास किया लेकिन बाइक चालक की लापरवाही के कारण तीसरी बार अचानक सामने आई बाइक को करने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है की टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक तकरीबन 10 फीट ऊपर हवा में उछलकर दूर जा गिरी। घायल युवक की पहचान ग्राम डीहिया निवासी किशन पांडेय के रूप में हुई हैए जिसे राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

## 10 हजार की रिश्वत लेते ट्रेप हुआ जी आर एस लोकायुक्त रीवा ने की कार्यवाही

**रीवा ।** लोकायुक्त टीम रीवा ने एक रोजगार सहायक को रिश्वतखोरी में रंगेहाथ पकड़ा है। लोकायुक्त रीवा की टीम द्वारा टेप की यह कार्यवाही शहडोल जिले के जनपद जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत छूदा में की गई जो अपचारी ग्राम रोजगार सहायक का गृहग्राम भी है। उपलब्ध जानकारी अनुसार ग्राम छूदा निवासी राजेश सिंह कंवर पिता स्व. हरिनाम सिंह उम्र 27 वर्ष द्वारा लोकायुक्त कार्यालय रीवा में उपस्थित होकर ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की गई। शिकायती आवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया कि शिकायतकर्ता के पिता की मृत्यु हो जाने पर संबल योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये की राशि आर्थिक सहायता के रूप में स्वीकृत हुई है। स्वीकृत राशि को शिकायतकर्ता की बेवा मां के खाते में स्थानान्तरित करने के लिए जीआरएस चंद्रप्रकाश गुप्ता शिकायतकर्ता (राजेशसिंह कंवर) से 30 हजार रुपये तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभदिलाने के लिये पृथक समग्र आईडी बनवाने के एवज में 3500 रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। लोकायुक्त रीवा के एसपी योगेश्वर शर्मा द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया। शिकायत सही पाए जाने पर ग्राम रोजगार सहायक के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया जाकर आगे की कार्यवाही के लिये टीम भेज दी गई। जीआरएस चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने 33500 रुपये की मांग कर रहे थे और उसी की पहली किश्त में 10 हजार रुपये का लेने के लिए तय हुआ था। शिकायतकर्ता को जीआरएस ने अपने निवास पर बुलाया था। शिकायतकर्ता द्वारा जीआरएस गुप्ता को जैसे ही दस हजार रुपये दिए गये, उसी वक्त लोकायुक्त की टीम ने जीआरएस को धरदबोचा। ट्रेप दल में संदीप सिंह भदौरिया निरीक्षक, एस.आर. मरावी निरीक्षक सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।



## यूपीएसी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले शुभम के आगमन पर हुआ स्वागत



**रीवा।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 116वीं रैंक अर्जित करने वाले शुभम शुक्ला का रीवा आगमन पर आत्मीय स्वागत किया गया। रीवा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर शुभम के माता-पिता, मित्रों तथा अन्य शुभचिंतकों ने उनका पुष्पहार से स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा सर्विसेज का अंतिम परिणाम 22 अप्रैल को घोषित किया गया था। जिसमें विभिन्न संवर्गों में युवाओं का चयन हुआ है। रीवा के रोमिल द्विवेदी ने 27वीं रैंक तथा शुभम शुक्ला ने 116वीं रैंक के साथ यूपीएससी में सफलता पाई है। दोनों की प्रारंभिक शिक्षा रीवा में ही संपन्न हुई है। विन्ध्य के दो युवाओं ने अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से यूपीएससी की परीक्षा में सफलता की चमक बिखेरी है।

## विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन संपन्न

**25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया**



**रीवा ।** मलेरिया को नियंत्रित करने तथा इसके उन्मूलन के लिए वैश्विक प्रयासों के विषय में जागरूक करने के उद्देश्य से 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ल ने इस अवसर पर बताया कि मलेरिया उन्मूलन के प्रयासों को गति देने के लिए समर्पण, नवीन योजना और टीम वर्क के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित विकासखण्डों में भी जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को मलेरिया व अन्य वाहक जनित बीमारियों के विषय में जानकारी देते हुए उनके बचाव के साधन अपनाने की अपेक्षा लोगों से की गई। रानी तालाब मंदिर परिसर में जागरूकता संदेश प्रदर्शन रैली, पम्पलेट वितरण आदि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मऊगंज व रीवा जिले में विगत वर्षों से लगातार मलेरिया के प्रकरणों में गिरावट दर्ज की गई है। भारत सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2027 तक स्थानीय संक्रमण शून्य हो तथा वर्ष 2030 तक मलेरिया का शत-प्रतिशत उन्मूलन हो जाए। मलेरिया दिवस आयोजन में कर्नल संदीप जायसवाल, सूबेदार भगवान, दिवाकर मिश्रा, आशीष तिवारी, अखिलेश तिवारी, राजेश तिवारी, श्रीमती कंचन सिंह आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## रीवा कटरा मार्ग पर बिना परमिट चलती बस जप्त



**रीवा।** रीवा परिवहन विभाग द्वारा यात्रियों की शिकायत पर लगातार रीवा चाकघाट मार्ग पर संचालित होने वाली बसों की जांच की जा रही है। जांच में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने रीवा से कटरा की तरफ़ जाती हुई ब्रजबाला ट्रैवल्स की बस मिली और उसके दस्तावेजो की जांच की गई जिसमे बस का परमिट नहीं मिला। जिसे जप्त कर सुरक्षार्थ परिवहन कार्यालय में खड़ा कराया गया।इसके अलावा मार्ग पर चलने वाली बसों में किराया सूची छापा की गई।बसों में आपातकालीन द्वार की भी जांच की गई और एक बस की सीट आपात कालीन द्वार के सामने लगे पाये जाने पर सीट निकलवा कर जप्त कर की गई।ज्ञात हो की आरटीओ रीवा के निर्देशन में लगातार परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा भेज अवैध परिवहन कर रही बसों की जांच की जा रही है।माह अप्रैल 2025 में प्रभारी परिवहन सुरक्षा स्क्वाड ने अभी तक 60 बसों पर कार्रवाही की है।

# हनुमना के अदवा नदी पुल की घटना

**सवारियों से भरी बस पुल से नीचे गिरकर पलटी 20 घायल 6 गंभीर**



**मऊगंज।** जिले के हनुमना थाना क्षेत्र के अंतर्गत यात्रियों को लेकर जा रही तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिरकर पलट गई बस हनुमना से जड़कुड की ओर जा रही थी शाम को बस जैसे ही ग्राम पंचायत मुनहाई के अदवा नदी पुल पर पहुंची तभी अचानक चालक नियंत्रण खो बैठा इस दौरान बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरकर पलट गई बस मे लगभग 30 सवारी सवार थे जिसमे 20 सवारी घायल हो गये पुलिस और ग्रामीणो की मदद से सभी घायलो को सिविल अस्पताल हनुमना मे भर्ती कराया गया दो लोगो को गंभीर रूप से घायल को संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया है घायलों में कृष्ण कुमार यादव 25 वर्ष अमित कुमार यादव 35 वर्ष हीरालाल यादव 70 वर्ष फूलवती गोड पति विनोद कुमार 23 वर्ष माला सिंह पिता शिवराज सिंह सुनील सिंह शामिल हैं घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर संजय जैन पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी मौके पर पहुंचे और पूरे घटना की जानकारी ली उन्होंने आरटीओ से बस के संबंध में भी जानकारी मंगवाई है*पंचायत सचिव को किया निलंबित*कलेक्टर संजय कुमार जैन मुनहाई ग्राम पंचायत के सचिव काशी तिवारी को मौके पर पहुंचने के निर्देश के 3 घंटे बाद भी नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों की शिकायत पर सचिव को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# मऊगंज में समग्र केवाईसी का विशेष अभियान शुरू



**मऊगंज:** कलेक्टर संजय कुमार जैन के स्पष्ट निर्देशों के तहत समग्र केवाईसी को लेकर मऊगंज में एक बड़ा अभियान शुरू किया गया है। जिला प्रबंधक सीएससी, रविशंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नगर के हर वार्ड में सीएससी के माध्यम से विशेष केवाईसी कैंप लगाए जा रहे हैं। नागरिक अपने वार्ड में लगने वाले इन शिविरों में जाकर अथवा निकटतम सीएससी केंद्र पर पहुंचकर समग्र केवाईसी करा सकते हैं।

यह केवाईसी न केवल अनिवार्य है, बल्कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पहली शर्त भी बन चुकी है। रविशंकर मिश्रा ने स्पष्ट किया कि सभी सीएससी संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक से समन्वय कर अपने-अपने क्षेत्रों में कैंप लगाएं और समग्र केवाईसी की प्रक्रिया को पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि केवाईसी के तहत नागरिकों के समग्र आईडी को आधार से लिंक किया जा रहा है, जिससे योजनाओं का सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। जिला प्रबंधक ने वार्ड प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों को इस अभियान के प्रति जागरूक करें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करें। यह अभियान शासन की डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्था को जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**CHANGE OF NAME**

I Rajesh Kumar Purwar S/O: Lal Mani Gupta, R/O ward no.19, CollegeRoad, Near Manas Bhavan, College Road, Huzur, Rewa, Madhya Pradesh - 486001,declare that name of mine and my father has been wrongly written as **Rajesh Purwar and Lalmani Purwar** in my voting no YFF1970433, and name of mine has been wrongly written as **Rajesh Gupta** in my Aadhar card no 6435 2935 6693. The actual name of mine and my father are **RAJESH KUMAR PURWAR and LAL MANI GUPTA.**